www.amritvichar.com

सुविचार



कठिनाईयां भगवान का संदेश होती हैं, उनका सामना करते समय हमें भगवान के विश्वास के रूप में, भगवान से अभिनंदन के रूप में उनका सम्मान करना चाहिये।

-हेनरी वार्ड बीचर


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 24 मार्च 2026


लखनऊ के प्रमुख समाचार


- ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक की मौत II
- नृत्य नाटिका से दिलों में जगाई देश प्रेम की मशाल III
- जार्जिया के पहलवान ने जीती कुश्ती IV


## शहर में आज



- नेशनल पीजी कॉलेज में रिडिंग हिस्ट्री थ्रू काईंस विषय पर भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास को सिक्कों के माध्यम से समझने के लिए विशेष व्याख्यान- 9:00 बजे से।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संगोष्ठी व सम्मान समारोह- 11:00 बजे से।
- गोमतीनगर के टीडी गर्ल्स इंटर कालेज में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति समारोह का आयोजन- 1:00 बजे से।
- राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से आयोजित कथक संध्या में डॉ. मनीषा मिश्रा का कथक नृत्य- 5:30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# दुबग्गा चौराहे पर फ्लाईओवर को मंजूरी, जाम से मिलेगी निजात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 305.31 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा फ्लाईओवर
- 1435 करोड़ से बनाया जाएगा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर
- 10 हजार की क्षमता का हॉल, 2500 की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा

**अमृत विचार:** दुबग्गा चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात की उम्मीद बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में दुबग्गा चौराहे पर 1.81 किमी लंबा तीन लेन फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी दी गई है। करीब 305.31 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर बनाया जाएगा।

इसके अलावा 1435 करोड़ की लागत से इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और 10 हजार क्षमता का हॉल, 2500 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल का हेरिटेज विकास भी किया जाएगा।



दुबग्गा चौराहे पर लगा जाम। (फाइल फोटो)

कैबिनेट ने वृंदावन योजना, सेक्टर-15 में प्रस्तावित इंटरनेशनल एक्जीबिशन-सह-कन्वेंशन सेंटर की पुनरीक्षित लागत 1435.25 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। पहले इस परियोजना के लिए 1297.42 करोड़ रुपये स्वीकृत थे, लेकिन निविदा प्रक्रिया में लागत बढ़ने के बाद संशोधित बजट को स्वीकृति दी गई। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस सेंटर में 10 हजार लोगों की क्षमता वाला मुख्य हॉल और 2500 क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इसके साथ ही बड़े स्तर की पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधन और भारी उपकरणों के प्रदर्शन की व्यवस्था भी होगी।

यह कन्वेंशन सेंटर लखनऊ को डिफेंस एक्सपो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। इसके आसपास 5-स्टार और बजट होटल विकसित करने की भी योजना है, जिससे देश-विदेश से आने वाले मेहमानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



### रोशन-उद-दौला भवन, छतर मंजिल संवरेगी

- कैबिनेट ने शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल को 'एडाप्टिव रि-यूज' के तहत पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इन भवनों को हेरिटेज पर्यटन इकाइयों के रूप में विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित भूमि पर्यटन विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरित की जाएगी, हालांकि इसे अपवादस्वरूप निर्णय बताया गया है।



## अप्रैल से होगा वृद्धा पेंशन का सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से वृद्धा पेंशन का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन जून तक चलेगा। इस आधार पर नये वित्तीय वर्ष की पहली पेंशन की किस्त लाभार्थियों को जारी की जाएगी।

सर्वे नगर में ईओ और ब्लॉक क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से होगा। समाज कल्याण विभाग ने सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जिले में करीब 73 हजार वृद्धा पेंशन लाभार्थी हैं।

सभी का घर-घर सत्यापन करके जरूरी दस्तावेज जमा किए जाएंगे।

# शहर में बनाए जाएंगे छह नए मॉडल वेंडिंग जोन

## 17.67 करोड़ की लागत से कराया जाएगा 271 दुकानों का निर्माण

गोपाल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** पटरी दुकानदारों के लिए शहर में छह नए मॉडल वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। 17.67 करोड़ की लागत से इन वेंडिंग जोन में लगभग 271 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। गर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि हिन्द नगर वार्ड में स्काई हिल्टन होटल के सामने 2.85 करोड़ की लागत से 59 दुकानें बनाने का काम शुरू भी हो गया है। रामजीलाल-सरदार पटेल वार्ड के मानक नगर जोन-1 के चारबाग में रविंद्रालय, राजाजीपुरम में मॉडल वेंडिंग जोन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मॉडल वेंडिंग जोन बनने में करीब तीन महीने का समय लगेगा। इसके अलावा जोन-3 स्थित पुरनिया चौराहे के पास और जोन-1 के हजरतगंज में राणा प्रताप मार्ग पर एक मॉडल वेंडिंग जोन प्रस्तावित है।

गौरतलब है कि गोमती नगर में विभूति खंड चौराहे के पास पहला मॉडल वेंडिंग जोन बनाया है। इसमें करीब 40 पटरी दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई हैं। मॉडल वेंडिंग जोन में एक ही कलर में व्यवस्थित तरीके से दुकानें बनाई गयी हैं। यहां ग्राहकों के बैठने के लिए कुर्सियां और मुफ्त वाई-फाई की सुविधा है। फास्ट फूड से लेकर पारंपरिक व्यंजन भी उपलब्ध है।

### यहां बनेंगे मॉडल वेंडिंग जोन

- राजाजीपुरम - 46 दुकानें (4.04 करोड़)
- चारबाग रविंद्रालय - 67 दुकानें (5.22 करोड़)
- रामजीलाल - सरदार पटेल वार्ड में मानक नगर - 63 दुकानें (3.23 करोड़)
- हिन्द नगर वार्ड में स्काई हिल्टन होटल के सामने - 59 दुकानें (2.85 करोड़

### प्रस्तावित

- पुरनिया चौराहे के पास 23 दुकानें (1.04 करोड़)
- हजरतगंज में राणा प्रताप मार्ग 13 दुकानें (93 लाख)

### फुटपाथों से ठेलिया हटवाने को दिया ज्ञापन

- **अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल और महामंत्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में अपर पुलिस उपायुक्त रूपेश सिंह से मुलाकात की। सड़कों व फुटपाथों पर अवैध रूप से लगने वाली ठेले, अस्थायी दुकानों के कारण यातायात समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस की लापरवाही के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से आईटी चौकी के अंतर्गत निरालानगर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन बाधित हो रहा है। इससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि आईटी चौकी इंचार्ज से इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन उन्होंने डांट-फटकार धमकाया था। हजरतगंज चौराहा, पेपर मिल, निशातगंज चौराहा सहित कई प्रमुख चौराहों को बंद कर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है, जिसके कारण राहगीरों को लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। इससे लोग परेशान हैं। प्रतिनिधि मंडल में चेयरमैन सुमेर अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, योगेंद्र सिंह, संजय जायसवाल, विवेक अग्रवाल, मंगलेश मिश्रा, विवेक, प्रशांत वर्मा आदि रहे।



व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल।

### केंद्रीय कार्यशाला के भवनों पर महापौर ने चलवाया बुलडोजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को गोमती नगर स्थित निर्माणाधीन नगर निगम मुख्यालय के कार्यों का जायजा लिया। केंद्रीय कार्यशाला के भवनों को खाली न कराये जाने पर उन्होंने मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही भवन खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कराईऔर नगर आयुक्त के सामने ही अधिकारियों से भवनों पर बुलडोजर चलवा दिया। महापौर ने मलबे और तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि केंद्रीय कार्यशाला के पीछे की ओर बने दो मंजिला भवन की स्थिति अच्छी होने के बाद भी इसे तोड़ दिया गया। मुख्य अभियंता का कार्यालय इस बिल्डिंग में ही शिफ्ट किया गया था। मुख्य गेट के पास स्थित दो मंजिला भवन की स्थिति भी अच्छी थी। इस बिल्डिंग को भी तोड़ दिये जाने से कर्मचारी दबी जुबान में इसे धन की बर्बादी बता रहे हैं। कर्मचारी कह रहे हैं कि नगर निगम मुख्यालय बनवाने की महापौर को आखिर इतनी जल्दी क्यों है इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात सहित नगर निगम एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### बादल छाए, कहीं कहीं हुई बूंदाबांदी

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर में सोमवार को मौसम में फिर बदलाव हुआ। सुबह धूप निकली लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल घिर आए। हवा संग कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई। इसके बावजूद अधिकतम तापमान करीब एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31.2 डिग्री के पास पहुंच गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। दोपहर बाद आसमान साफ हो जाएगा।

### राज्य सम्पत्ति विभाग से जमा कराया गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम टीम ने जोन 1 में वर्षों से लंबित राज्य सम्पत्ति विभाग से 7 करोड़ 8 लाख रुपये गृहकर जमा कराया है। इस बकाया धनराशि को नगर निगम काफी समय से जमा नहीं करवा पा रहा था। सोमवार को नगर निगम जोन 1 की टीम ने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, कर अधीक्षक अनुराग उपाध्याय और कर निरीक्षक देवीशंकर दुबे ने राज्य संपत्ति विभाग से यह धनराशि जमा करवाने में अहम भूमिका निभाई। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से एक हफ्ते पहले की गई गृहकर की बड़ी वसूली से नगर निगम को लक्ष्य पूरा करने में आसानी होगी।

### बढ़े और छूटे परिवारों को मिलेंगे शौचालय

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के तहत गांव-गांव ओडीएफ सर्वे कराया जाएगा। अभियान के दौरान वंचित या फिर बढ़े परिवार मिलने पर उन्हें व्यक्तिगत शौचालय आवंटित किए जाएंगे। जिले में पंचायती राज विभाग ने सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में गांव-गांव व्यक्तिगत शौचालय आवंटन किए जाएंगे। लाभान्वित उन परिवारों को किया जाएगा जो बढ़ गए या फिर किसी कारण योजना से पूर्व में वंचित रह गए हैं। विभाग को ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट इसी माह तैयार करनी है। इस आधार पर अप्रैल में कार्ययोजना बनाई जाएगी। सचिव और खंड प्रेरक परिवार चिह्नित करेंगे।जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने 28 मार्च तक सर्वे रिपोर्ट के साथ कार्ययोजना मांगी है।



नगर निगम के त्रिलोकनाथ हॉल में शपथ ग्रहण करते नामित पार्षद। अमृत विचार

# नामित 10 पार्षदों को महापौर ने दिलाई शपथ

## नगर निगम के त्रिलोकनाथ हॉल में माला पहनाकर खिलाई मिठाई और दिए गए प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम लखनऊ में नामित पार्षद गणेश वर्मा, दीप जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, मधुबाला त्रिपाठी और पुरुषोत्तम पुरी को सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। त्रिलोकनाथ हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ पार्षदों को माला पहनाकर लड्डू खिलाए। नामित पार्षदों के पास वार्ड विकास निधि नहीं होगी, लेकिन सदन में शामिल होकर किसी भी वार्ड की समस्या उठा सकेंगे। शपथ ग्रहण के बाद इन पार्षदों ने कहा कि जिन वार्डों में भाजपा के पार्षद नहीं हैं, वहां जनता की समस्याओं का समाधान कराएंगे।

### परिवार से पांचवें पार्षद बने बलखंडी

- संतोष सिंह बलखंडी को भी पार्षद नामित किया गया है। वह अपने परिवार के पांचवें पार्षद हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के चार सदस्य पहले पार्षद रह चुके हैं। बलखंडी ने कहा कि जहां कम विकास हुआ, उन क्षेत्रों पर ध्यान देंगे। लोहिया नगर वार्ड के अखिलेश गिरी वर्ष 2012-17 तक पार्षद रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दे सदन में उठाएंगे। पार्षदों में दो महिलाएं हैं, इसमें मधुबाला त्रिपाठी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के गोमतीनगर और नेहा सिंह सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सैनिक नगर नेहा सिंह की निवासी हैं। किशनपाल शंकरपुरवा प्रथम वार्ड, दीपू जायसवाल गोमतीनगर और बंगाली समाज के पंकज बोस रविंद्र पल्ली के निवासी हैं। रूप चंद अग्रवाल और पुरुषोत्तम पुरी भी पार्षद बनाए गए हैं।

# 101 इलेक्ट्रिक वाहनों से होगा कूड़ा कलेक्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मंत्री ने 1090 चौराहे से दिखाई वाहनों को हरी झंडी

**अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को 1090 चौराहे से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 101 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जोन 2, 5 और 8 में कूड़ा कलेक्शन के लिए लगाए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि लखनऊ को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में तीसरे स्थान से प्रथम स्थान पर लाना हमारा लक्ष्य है। महापौर ने कहा कि नगर निगम लखनऊ में अब लगभग 2000 ईवी वाहनों के माध्यम से शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाएगा। मंत्री ने जोन-1 के महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड स्थित 1090 जियामऊ में पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (पीसीटीएस) का लोकार्पण किया। लखनऊ स्वच्छता अभियान शहर के जोन 1, 3, 4, 6 और 7 में 21 पीसीटीएस लगा चुकी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।



इलेक्ट्रानिक वाहनों को हरी झंडी दिखाते प्रभारी मंत्री, महापौर व अन्य।

केजीएमयू | पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र में पोस्ट टीबी मरीजों के लिए शुरू किया गया विशेष क्लीनिक

# टीबी ठीक होने के बाद भी फेफड़ों में दिक्कत, होगा मुफ्त इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** करीब 50 प्रतिशत टीबी मरीजों में इलाज के बाद भी फेफड़ों में धब्बे, घाव, फाइब्रोसिस, कैल्सीफिकेशन और सांस की नलियों में रुकावट जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। इलाज के बाद भी कई मरीज लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ और अन्य श्वसन संबंधी दिक्कतों से जूझते रहते हैं। ऐसे मरीजों का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में निःशुल्क इलाज किया जाएगा। पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र में इलाज के लिए विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच कर दवाओं, एक्सरसाइज और विशेष थेरेपी के माध्यम से इलाज करेगी।

पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र के संस्थापक प्रभारी और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में अभी तक पोस्ट टीबी रोगियों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी। विश्व टीबी दिवस पर केजीएमयू में एक नई पोस्ट टीबी डिजीज क्लीनिक की शुरुआत की जा रही है। ये देश में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने इस पहल को टीबी से उबर चुके मरीजों के लिए ''नई जिंदगी देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम'' बताया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से हजारों मरीजों को दीर्घकालिक राहत मिलने की उम्मीद है।



### प्रमुख लक्षण

- दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान, गर्दन में गांठ व बांझपन आदि।

### इन लोगों को टीबी का जोखिम अधिक

- टीबी मरीज के साथ रहने वाले लोग।
- धूम्रपान या नशा करने वाले व्यक्तियों में सामान्य की अपेक्षा ढाई से तीन गुना अधिक संभावना।
- कुपोषित व्यक्ति को स्वस्थ व्यक्ति की अपेक्षा 10 गुना ज्यादा टीबी होने की सम्भावना।
- वायु प्रदूषण, या ऐसे व्यवसाय जिनमे धूल, धुआं होता है वहां काम करने वाले व्यक्तियों में।
- मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग जहां सूर्य की रोशनी कम होती है, सीलन रहती है।
- डायबिटीज, एचआइवी या कैंसर या किडनी सम्बन्धी बीमारी से ग्रसित लोगों को।
- कम उम्र में शादी वाली लड़कियों, ज्यादा बच्चे वाली व एनीमिक महिलाओं में।

### टीबी ग्रसित व्यक्ति ये उपाय करें

- खांसते सौर छींकते समय मुंह को ढकें, मास्क पहने, नियमित संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करें। भोजन में अंकुरित अनाज, दालें, दूध, हरी सब्जियां, मौसमी फल और प्रोटीनयुक्त आहार शामिल करें। धूम्रपान या एल्कोहोल या अन्य कोई नशा कर रहे हैं तो उसे छोड़ दें। डायबिटीज को नियंत्रित रखें। तनाव या अवसाद में हैं तो जीवन शैली में बदलाव करें। फास्ट फूड, संरक्षित भोजन, कोल्ड ड्रिंक आदि का सेवन कम करें या नहीं करें। योग, प्राणायाम, ध्यान करें। नियमित 40-45 मिनट पैदल चलें, पर्याप्त नींद लें।

# केजीएमयू में स्टाफ की कमी से नहीं हो पा रहा दिल के मरीजों का उपचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नया भवन तैयार, उपकरण मौजूद, फिर भी 68 बेड खाली

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कॉर्डियोलॉजी सेंटर में डॉक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के चलते दिल के मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। करीब डेढ़ साल पहले तैयार हुआ नया भवन अब भी पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो सका है।

विभाग की ओपीडी में रोजाना 400 से अधिक और इमरजेंसी में 150 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। इसके बावजूद पुराने भवन के महज 80 बेड पर ही मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 96 बेड का नया भवन बनाया गया था, जिसका उद्घाटन 14 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री ने किया गया था। लेकिन उद्घाटन के करीब नौ महीने बाद भी यहां सिर्फ 28 बेड ही चालू हो पाए हैं, जबकि 68 बेड अब भी खाली पड़े हैं।

जानकारी के अनुसार, नए भवन में सभी आवश्यक उपकरण और बेड पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके बावजूद स्टाफ की भारी कमी के कारण मरीजों की भर्ती शुरू नहीं हो सकी है। विभाग में केवल 11 स्थायी डॉक्टर हैं, जबकि नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मियों की भी गंभीर कमी बनी हुई है।

सूत्रों का कहना है कि उच्च अधिकारियों की सुस्त कार्यशैली और समुचित पैरवी के अभाव में स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। इसका खामियाजा गंभीर हृदय रोगियों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें भर्ती के लिए लंबा इंतजार और जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि डॉक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही भवन पूरी क्षमता के साथ संचालित होगा।

## सिटी ब्रीफ

### करेंसी चेस्ट में मिले दो हजार के जाली नोट

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरबीआई के करेंसी चेस्ट में दो हजार रुपये के जाली नोट पकड़े गये। फरवरी में जमा नोटों की जांच के दौरान दो हजार के दो नोट जाली पाये गये। इस पर आरबीआई के सहायक प्रबंधक सुरेंद्र कुमार दुबे ने महानगर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरबीआई के सहायक प्रबंधक सुरेंद्र दुबे की तहरीर के मुताबिक फरवरी माह में कई बैंकों के करेंसी चेस्ट से संदिग्ध नोटों की जांच की गई। जिसमें दो हजार रुपये के दो नोट जाली पाये गये। जिसे आरबीआई के ऑडिट प्रक्रिया और पब्लिक एक्सचेंज काउंटर पर परीक्षण के दौरान जब्त किया गया। आरबीआई ने दोनों जाली नोटों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद थाने को सुपुर्द किया जाएगा। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### रिक्शा चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के हुसैनबाड़ी निवासी राज चौहान (26) ने फंदा लगाकर जान दे दी। वह रिक्शा चालक था। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज हुसैनबाड़ी निवासी राज चैहान रिक्शा चलाता था। तीन दिनों पहले वह पत्नी मानसी और तीन बच्चों संग आदर्श नगर में किराए के मकान में रहने आया था। रविवार रात वह किसी काम से गया था। जहां से सोमवार तड़के लौटा। सुबह पांच बजे उसने पत्नी संग चाय पी। जिसके बाद पत्नी और बच्चे सो गए। सुबह 10 बजे मानसी जागी तो उसने देखा कि दुपट्टे के पंखे के सहारे राज ने फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच कर रही है।

### युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हसनगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी शिवम अवस्थी लखीमपुर खीरी के नगर कोतवाली स्थित अर्जुनपुरवा प्रकाशनगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ इलाके की युवती ने 13 मार्च को रिपोर्ट दर्जकराया था। आरोप था कि शिवम अवस्थी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, साथ ही गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस उसकी दस दिन से तलाश कर रही थी। उसे लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### बैंक में बंधक संपत्ति बेची, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार में फ्लैट बेचने के नाम पर महिला से धोखाधड़ी की गई। बलरामपुर के तुलसीपुर निवासी नीलम उपाध्याय के मुताबिक उन्होंने अप्रैल 2021 में गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 स्थित सुलभ आवास योजना में फ्लैट खरीदा था। आरोप है कि विक्रय के समय अनिल कुमार गौड़, उनकी पत्नी आशा गौड़ तथा उनके पुत्र निशांक गौड़ और अभिनव गौड़ ने संपत्ति को पूरी तरह विवादमुक्त बताया था। पीड़िता के मुताबिक बाद में उन्हें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया कि उक्त फ्लैट पहले से ही बैंक के पास बंधक है। उस पर कब्जे की कार्रवाई भी की जा चुकी है। इसकी शिकायत करने पर आरोपियों ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। नीलम के मुताबिक पूरा परिवार दहशत में है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक तहरीर के आधार पर अनिल कुमार गौड़, आशा गौड़, निशांक गौड़ और अभिनव गौड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवक के खाते से उड़ाये 1.48 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के समनान गार्डेन निवासी जाहिद फजल के साथ साइबर ठगी हुई। उनके खाते से जालसाजों ने 1.48 लाख रुपये निकाल लिये। पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समनान गार्डेन निवासी जाहिद के मुताबिक 1 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाली युवती ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने का झांसा दिया। ऐप डाउनलोड कर उसमें अपने क्रेडिट कार्ड का डिटेल दर्ज किया। इसके बाद उनके खाते से 1,48,533 रुपये की रकम कट गई। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल कस्टमर केयर से संपर्क कर कार्ड ब्लॉक कराया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक की मौत

## कृष्णानगर के अलीनगर नहर के पास रविवार देर रात हुआ हादसा

संवाददाता, आमलबाग

- गाय व ऑटो को बचाने में पलटी थी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**अमृत विचार:** कृष्णानगर के अलीनगर नहर के पास रविवार देर रात गाय और ऑटो को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में चालक तेज बहादुर सिंह (37) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच कर रही है।

अलीनगर सुनेहरा निवासी तेज बहादुर सिंह ट्रैक्टर चालक था। परिवार में तीन भाईयों में तेज बहादुर सबसे छोटा था। बड़े भाई ठाकुर प्रसाद ने बताया कि रविवार को छोटा भाई अलीनगर के पास खेतों में डाली जाने वाली गोबर की खाद (जैविक खाद) को डालकर घर आ रहा था। तभी अलीनगर नहर पर अचानक सामने सड़क पर गाय और ऑटो आ गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली की रफ्तार तेज थी। तेज बहादुर ने अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे मोड़ दिया। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की दबकर मौत हो गई। हादसे को देखकर लोगों की भीड़ लग गई।

ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। कृष्णानगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस लहूलुहान हालत में चालक को पास के अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजन को दी। तेज बहादुर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर चालक का पंचनामा भरा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णानगर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया।

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से रेस्टोरेंट संचालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब स्थित भैंसामऊ क्रासिंग के पास रविवार रात को छत के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से रंजीत (25) की मौत हो गई। वह रेस्टोरेंट संचालक थे। परिजन ने लेसा पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फैजुल्लागंज के पुराना दाउद नगर निवासी मनीष कुमार ने भाई रंजीत के साथ बीकेटी के भैंसामऊ क्रॉसिंग के पास पूर्वांचल कैफे एंड रेस्टोरेंट के नाम से रेस्टोरेंट खोली थी। शनिवार को रेस्टोरेंट की ओपनिंग थी। मनीष ने बताया कि जिस मकान में रेस्टोरेंट था उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। रविवार दोपहर रंजीत पहली मंजिल पर सामान रख रहा था। उसके काफी देर तक नीचे न उतरने पर आवाज दी गई। कोई आहट न होने पर मनीष छत पर गए थे रंजीत अचेत अवस्था में पड़ा था। करंट लगने से उसका शरीर झुलस गया था। आनन-फानन में उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया। मनीष ने लेसा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बीकेटी पुलिस से शिकायत की है। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में डॉक्टर की पत्नी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अचानक तबीयत खराब होने पर लोहिया संस्थान में कराया गया था भर्ती
- पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए, जांच शुरू

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के तकरोही निवासी डॉक्टर अंगेश चौधरी की पत्नी नंदिनी कन्नौजिया (33) की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार देर शाम मौत हो गई। उनकी तबीयत खराब होने पर लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंदिरा नगर के तकरोही में होम्योपैथिक डॉक्टर अंगेश चौधरी परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी नंदनी कनौजिया इंदिरानगर बी ब्लॉक स्थित एक बैंक में कैशियर थी। पुलिस के मुताबिक रविवार रात खाना खाने के बाद नंदिनी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन उसे लेकर लोहिया संस्थान पहुंचे। जहां कुछ ही देर बाद नंदिनी की मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते ही लोहिया के डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक परिजन ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। इंस्पेक्टर इंदिरा नगर अजय नारायण सिंह के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ईदी लेकर पहुंचे चाचा पर पड़ोसियों ने किया हमला

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग के गढ़ी कनौरा में चांद रात को ईदी लेकर भतीजे से मिलने पहुंचे चाचा पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। हमले में चाचा काफी चोटिल हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर लिया है। आरोपियों की तलाश कर रही है। आलमबाग गढ़ी कनौरा निवासी मो. दाउद के मुताबिक 20 मार्च की रात्रि उसके चाचा अबु उजैफा अमीनाबाद मार्केट से ईद के कपड़े लेकर घर आये थे। घर की काल बेल बजाई तभी चाचा को देखते ही पड़ोस के रहने वाले मो. शकील उर्फ अनस, समद खान, फहद, माविया, गाजी, हेजला, फुजैल, बिलाल तथा ओसामा व उसका छोटा भाई बिलाल और अन्य सात-आठ अज्ञात ने छोटे चाचा अबू उजैफा व बड़े चाचा अबू हुरैरा के ऊपर अचानक हमला कर दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग राम बाबू के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है

# हत्या करने वाली बहू और उसका प्रेमी भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** महानगर के निशातगंज तीसरी गली निवासी निर्मला देवी (69) की गला घोंटकर हत्या की गई थी। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। पुलिस ने सोमवार को हत्या के आरोपी बहू और उसके प्रेमी को जेल भेज दिया है।

एसीपी महानगर अंकित कुमार सिंह के मुताबिक आरोपी किराएदार राजन शर्मा मूल रूप से बिहार के सिवान जनपद के गौरया कुरी चंदौली का रहने वाला है। वहां से उसके अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। इसके साथ ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। राजन शर्मा तीन साल से निर्मला के घर में किराए पर रह रहा था। निर्मला की बहू रंजना से राजन के प्रेम प्रसंग थे। निर्मला और रंजना का पति इसका विरोध करता था। इस लिए रंजना और राजन दोनों ने मिलकर निर्मला की हत्या कर दी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## जाम का झाम



हजरतगंज स्थित पार्क रोड पर स्कूल खुलने के समय सड़क पर लगे जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

# रिटायर्ड सूबेदार के घर चोरी करने वाली नौकरानी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने रिटायर्ड सूबेदार के घर चोरी करने वाली नौकरानी चंदा को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक गिरफ्तार नौकरानी चंदा बहराइच के कैसरगंज स्थित मदारपुर की रहने वाली है। वह सेक्टर-छह निवासी रिटायर्ड सूबेदार रवीश कुमार त्रिपाठी के घर चार वर्ष से नौकरानी थी। रिटायर्ड सूबेदार 11 मार्च को पत्नी अनुपमा संग उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए गए थे। मंगलवार शाम करीब वह साढ़े चार बजे पत्नी के साथ घर पहुंचे। सूबेदार ने मेन गेट का ताला खोलकर कमरे में गए। वहां देखा कि कमरे में सामान फैला हुआ था। पीड़ित ने कमरे में इधर-उधर देखा कि चोरों ने कमरे में लगी खिड़की की ग्रिल तोड़कर कमरे में घुसे। इसके बाद अलमारी में रखी करीब दस हजार की नकदी समेत सोने-चांदी के करीब 40 लाख के गहने उड़ा ले गए। पीड़ित ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर घर में चोरी की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने रविवार को एसएसबी बिल्डिंग के पास बने अंडरपास के नीचे से नौकरानी चंदा को गिरफ्तार कर लिया।

# फ्रिज खोलकर खाया-पीया, रेलिंग साफ की, उड़ा ले गए 30 लाख के जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-6सी निवासी रिटायर्ड फौजी के घर में हुई घटना
- तीन मंजिला मकान के हर कमरे का तोड़ा ताला, सीसीटीवी भी उखाड़ ले गए चोर

**अमृत विचार :** पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-6सी निवासी रिटायर्ड फौजी रामवीर सिंह के बंद तीन मंजिला मकान में घुसे चोरों ने घंटों तक आराम से वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने न सिर्फ घर के हर कमरे का ताला तोड़ा, बल्कि फ्रिज खोलकर खाया-पीया और करीब 30 लाख रुपये के जेवरात भी पार कर दिए। जाते समय वे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर तक उखाड़ ले गए।

रामवीर सिंह सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत्त हैं और मूल रूप से मैनपुरी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि होली पर वह पत्नी के साथ गांव गए थे। 19 मार्च को बेटी सोनी पाल, बेटा प्रिंस और नाती सर्विल भी घर बंद कर गांव चले गए थे। घर की चाबी 21 मार्च को पारिवारिक मित्र अमित मिश्रा को दी गई थी। 22 मार्च की रात जब वह पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

घर लौटने पर परिजनों ने देखा कि फ्रिज खुला था और खाने-पीने का सामान गायब था, जिसके खाली पैकेट डस्टबीन में पड़े थे। स्टील की रेलिंग भी साफ मिली, जिससे अंदाजा है कि चोर काफी देर तक घर में रुके रहे। पीड़ित के अनुसार पारिवारिक यादगार सात क्वाइन भी चोरी हो गए। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड के वास्तुखंड निवासी सत्येंद्र राय के मुताबिक वह 13 मार्च को पारिवारिक कार्य से दिल्ली गए हुए थे। 14 मार्च की रात पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि उनका घर खुला पड़ा है, जिसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित के अनुसार, उपनिरीक्षक मोहित कुमार टीम के साथ मौके पर आए और घटनास्थल का निरीक्षण कर वीडियो रिकॉर्डिंग की। अगले दिन सुबह लखनऊ पहुंचने के बाद पीड़ित ने देखा की घर में रखे सामान चोरी हो गये थे। चोरी हुए सामान की सूची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस को सौंप दी है।

# जालसाज गिरफ्तार, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर पुलिस ने किया गिरोह का खुलासा, आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार:** गोमतीनगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों पर जमीन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी प्रदीप कुमार जायसवाल चिनहट के निजामपुर मल्हौर का रहने वाला है। उसे आगरा एक्सप्रेस वे के पास से रविवार देर रात को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ पिछले वर्ष लखीमपुर खीरी निवासी सुशील कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रदीप कुमार जायसवाल, सुशील मिश्रा और सूर्य प्रताप सिंह ने मिलकर उनसे जमीन का सौदा किया। जमीन का सौदा 77,95,000 रुपये में तय हुआ। यह रकम उन्होंने नकद और खाते में जमा कराये। रकम लेने के बाद फर्जी दस्तावेज पर विराजखंड में एक भूखंड रजिस्ट्री कर दी। जब कब्जा करने पहुंचे तो वहां जमीन के असली मालिक ने आपत्ति की। इसके बाद रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक प्रदीप जायसवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया है। वहीं दो अन्य साथियों सुशील मिश्रा और सूर्य प्रताप सिंह की तलाश की जा रही है।

# छह माह में रकम दोगुना करने का झांसा दे ठगे 16 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** छह माह में रकम दोगुनी करने और क्रिप्टो व रियल एस्टेट योजनाओं में मुनाफे का लालच देकर वजीरहसन रोड निवासी मुकेश कुमार से करीब 16 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

पीड़ित के मुताबिक उसकी मुलाकात विक्रम सिंह यादव से कराई गई, जिसने खुद को शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. का अधिकारी बताया। आर स्क्वायर कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में निवेश योजनाओं का झांसा दिया गया। "छह महीने में पैसा दोगुना" करने, बिटकॉइन/साइन कॉइन में निवेश और प्लॉट दिलाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों में करीब 16.41 लाख रुपये ले लिए गए। बाद में न तो कोई क्रिप्टोकरेंसी दी गई, न जमीन का कब्जा और न ही वाहन। पैसा वापस मांगने पर आरोपितों ने संपर्क बंद कर दिया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के अनुसार मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नामी पब्लिकेशन का टैग लगाकर बेच रहे थे किताब, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पब्लिकेशन हाउस के अधिकारियों ने पुलिस के साथ रामा व मालवीय बुक डिपो पर मारा छापा

**अमृत विचार :** अमीनाबाद स्थित रामा बुक डिपो और मालवीय पुस्तक केंद्र पर नामी पब्लिकेशन के टैग लगाकर 10वीं और 12वीं की नकली किताबें बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पब्लिकेशन हाउस के अधिकारियों ने कई दिनों तक रेकी करने के बाद पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी की, जिसमें बड़ी संख्या में नकली पुस्तकें बरामद हुईं। मामले में दोनों दुकानों के संचालकों के खिलाफ अमीनाबाद थाने में कॉपीराइट अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पब्लिशर्स हाउस के अधिकारी ललित सरदाना के अनुसार, रामा बुक डिपो के मालिक राजकुमार मल्होत्रा और मालवीय पुस्तक केंद्र के संचालक द्वारा भारती भवन, धनपत राय पब्लिकेशन और न्यू सरस्वती हाउस जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों के नाम पर फर्जी किताबें बेची जा रही थीं। उन्होंने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से कंपनियों की छवि धूमिल हो रही थी।

शनिवार को पुलिस टीम के साथ की गई छापेमारी में रामा बुक डिपो से 312 और मालवीय पुस्तक केंद्र से 30 नकली किताबें बरामद हुईं। इंस्पेक्टर सुनील कुमार आजाद के मुताबिक, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# वेडिंग मैनेजमेंट के नाम पर 23 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार के यमुना अपार्टमेंट निवासी डॉ. संतोष कुमार सिंह से वेडिंग मैनेजमेंट के नाम पर 23.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। डॉ. संतोष सिंह के अनुसार उनके बेटे की शादी 22 नवंबर 2025 को जश्न वेलनेस रिसोर्ट में तय थी। 20 से 23 नवंबर तक होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी इनसाइट वेडिंग्स को सौंपी गई थी। कंपनी के अजय राज तिवारी और धीरज बिस्वा ने बड़े दावे कर अनुबंध किया और किस्तों में पूरी रकम ले ली। आरोप है कि कार्यक्रम से ठीक पहले 17 नवंबर को दोनों ने अचानक काम करने से इनकार कर दिया और पैसे भी वापस नहीं किए।

ऐन वक्त पर दूसरी कंपनी से शादी का आयोजन कराना पड़ा, जिससे आर्थिक नुकसान और असुविधा हुई। आरोप है कि बाद में रकम लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। संपर्क करने पर धमकी दी गई।

## अपराध

बाराबंकी निवासी वकील की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई

# 50 वर्ष पूर्व मृत किसान की जमीन कराई रजिस्ट्री, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बख्शी का तालाब स्थित दौलतपुर में जालसाजों ने 6000 वर्गफीट जमीन फर्जीवाड़ा कर बेच डाली। आरोपियों ने 50 वर्ष पूर्व मृत किसान के नाम दर्ज जमीन को दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर दस माह पूर्व रजिस्ट्री करा दी। जानकारी होने पर मृत किसान के पोते व बाराबंकी निवासी अधिवक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित कोटवा निवासी अधिवक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक वह सिविल कोर्ट बाराबंकी में प्रैक्टिस करते हैं। उनके बाबा स्व. बाबू राम के नाम ग्राम दौलतपुर, परगना महोना, तहसील बख्शी का तालाब में खसरा/गाटा संख्या 585, रकबा 0.0540 हेक्टेयर (करीब छह हजार वर्गफीट) भूमि दर्ज थी। जो चकबंदी से पहले से चली आ रही है। आरोप है कि करीब 50 वर्ष पहले उनके बाबा का निधन हो चुका है। एक व्यक्ति ने खुद को बाबूराम पुत्र राज बहादुर बताकर फर्जी पहचान बनवाया गया और मनोज कुमार के पक्ष में 16 जून 2025 को बैनामा कर दिया। इस फर्जी रजिस्ट्री में दो लोगों को गवाह खेसरावां निवासी राकेश कुमार और श्रीकांत बताया गया है, जिन पर भी साजिश में शामिल है। प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि सभी आरोपित "शातिर और बेईमान किस्म के लोग" हैं, जो उनकी पैतृक संपत्ति पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने एसीपी बख्शी का तालाब से मामले में शिकायत की है। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सैन्यकर्मी से भूखंड के नाम पर 14.55 लाख ठगे, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाने में सैन्यकर्मी आलोक कुमार यादव ने भूखंड दिलाने के नाम पर 14 .55 लाख रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी विभूतिखंड विनय द्विवेदी की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पीड़ित के अनुसार हितेंद्र प्रताप सिंह यादव उर्फ आनंद ने 1500 और 3000 वर्गफीट के प्लॉट दिलाने का झांसा दिया और किस्तों में पूरी रकम ले ली। तय समय पर न रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसा लौटाया गया। दबाव बनाने पर आरोपी ने 11 लाख रुपये का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। आरोप है कि वह अपनी सहयोगी शिवकुमारी के साथ मिलकर ठगी करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दूसरे की जमीन बेची, 42.54 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी थाने में पीड़ित ने दर्ज कराई तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार:** बीबीडी के जुग्गौर इलाके में फर्जीवाड़ा कर दूसरे की जमीन को जालसाजों ने अपना बताया। इसके बाद 42.54 लाख रुपये सौदा कर दिया। रुपये लेने के बाद भूखंड पर कब्जा नहीं दिया। पीड़ित ने बीबीडी थाने में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

गौरव विहार चिनहट निवासी आशुतोष यादव के मुताबिक उन्होंने जुग्गौर गांव में भूखंड का सौदा किया। जिसे विश्वम्भर नाथ शुक्ला ने अपनी बुआ के नाम होने की बात कहकर दिखाया था। दस्तावेज भी दिखाये। कुछ समय बाद अरुण कुमार नामक व्यक्ति अपने 20 से अधिक साथियों के साथ सामने आया और जमीन पर अपना दावा जताने लगा। आरोप है कि दस्तावेज मांगने पर इन लोगों ने धमकी दी और फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात कही। इसके बाद मामला बढ़ने पर स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से पीड़ित ने जमीन वापस कर दी, जिसके बदले उसे 42.54 लाख रुपये लौटाने का आश्वासन दिया गया। आरोप है कि जमीन वापस होने के बावजूद विश्वम्भर नाथ शुक्ला ने पैसे लौटाने में टालमटोल शुरू कर दी। इसी बीच रोहित वर्मा और अरुण कुमार समेत अन्य लोगों ने लगातार दबाव बनाकर अलग-अलग किस्तों में करीब 7 लाख रुपये और वसूल लिए।

आरोपियों ने फर्जी मुकदमे का डर दिखाकर और जमीन दोबारा खरीदने का दबाव बनाकर पैसे ऐंठने की कोशिश की। जांच में सामने आया कि जिस वरासत मुकदमे का हवाला दिया जा रहा था, वह पहले ही खारिज हो चुका है और भूमि मूल मालिक श्रीमती राजेश्वरी के नाम दर्ज है। आरोपियों का जमीन से कोई संबंध नहीं है, इसके बावजूद वे संगठित तरीके से साजिश रचकर लगातार धन उगाही, धमकी और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर विश्वम्भरनाथ शुक्ला, अरुण कुमार और रोहित वर्मा समेत कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

## सिटी ब्रीफ

### 11 विभूतियों को मिलेगा सतरंगी सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान में संस्था के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 अप्रैल को वृंदावन योजना, रायबरेली रोड स्थित मलिक काम्प्लेक्स में जीवन में खुशियों के रंग द फैमिली फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें कला-संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 11 विभूतियों को सतरंगी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। संयोजक अरविंद सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरना, नव कलाकारों का नव निर्माण, प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उत्कृष्ट कलाकारों की प्रस्तुतियों को सतरंगी के माध्यम से समाज के समक्ष रखना, जिससे हमारी भारतीय कला एवं संस्कृति जीवंत रहे और कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा सके।

### 39 नए सड़क सुरक्षा मित्र तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मित्र योजना लागू की गई है। सोमवार को उपनिदेशक माई भारत की ओर से नामित 39 युवा स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम फिटनेस केन्द्र (आईएनसी सेन्टर) ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रभात पाण्डेय की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राधा रमण सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात, आलोक कुमार यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), एसपी देव, आभा त्रिपाठी एवं अनीता वर्मा, यात्री / मालकर अधिकारी, विष्णु कुमार, मोटर यान निरीक्षक, लखनऊ, सुमित मिश्रा, सीएसआर प्रबंधक, हीरो मोटोकार्प, ट्रैफिक पार्क, लखनऊ उपस्थित थे।

### सिद्धनाथ धाम का 75 फीसदी सौंदर्यीकरण पूरा

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा राजधानी के सदर क्षेत्र स्थित बड़ा शिवाला श्री सिद्धनाथ मंदिर का कायाकल्प अंतिम चरण में पहुंच गया है। करीब एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की इस परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। लखौरी ईंट, सुर्खी और चूने से निर्मित यह प्राचीन मंदिर अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली और अष्टभुजाकार मंडप के लिए जाना जाता है। मंदिर परिसर में यात्री हॉल, यात्री निवास, इंटरलॉकिंग मार्ग और शौचालय जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### चैती महोत्सव दिखाई कंस वध लीला

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव में सोमवार की कंस वध लीला दिखाई गई। मथुरा में दुराचारी राजा कंस कृष्ण के पराक्रम की लीलाएं सुन कर और ज्यादा भयभीत हो रहा है और कृष्ण को मारने की योजनाएं बना रहा है। कंस ने कृष्ण को मथुरा बुलाने के लिए अक्रूर जी को चुना, क्योंकि वे कंस के विश्वासपात्र होने के साथ ही नंदबाबा के रिश्ते के भाई और कृष्ण के प्रिय थे इसलिए कंस उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपता है। अक्रूर जी कृष्ण के परम भक्त भी थे और कंस के मंत्री भी परंतु अक्रूर जी का उद्देश्य कृष्ण को किसी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं था बल्कि कंस की साजिश को जानते हुए भी कृष्ण की लीला में सहयोग करना था इसी आशा के साथ वे कृष्ण को लेने नंदगांव की ओर निकल पड़ते हैं। नंद और यशोदा की आज्ञा लेकर अक्रूर जी कृष्ण और बलराम को लेकर मथुरा के लिए चल पड़े।

# नृत्य नाटिका से दिलों में जलाई देशप्रेम की लौ

## संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया मंचन, श्यामलाल गुप्ता पार्षद समेत क्रांतिकारियों के गीत भी गाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता पाने की आम आदमी की चाह और छटपटाहट को अनेक क्रांतिकारियों ने कैसे शब्दों और गीतों में ढालकर आवाज बुलंद कर एक आंदोलन खड़ा कर दिया, इसका अहसास कराती संगीतमय प्रस्तुति से देशप्रेम की लौ जलाई, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया।

अमर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से रितुन थपलियाल के निर्देशन में संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटिका का मंचन किया गया। नाटक मेरी जां न रहे मेरा सर न रहे..., जल्दी बन्द करो जलसे को डायर यूं बोला चिल्लाय..., झण्डा ऊंचा रहे हमारा..., जो शाने पर बगावत का आलम लेकर निकलते हैं और शीर्षक गीत शहीदों ने लौ जलाई जो जैसे क्रांतिकारी गीतों का एक कोलाज है। प्रस्तुति में जंगे आजादी के उन तरानों को शामिल किया गया है जिन पर ब्रिटिश शासन ने प्रतिबंध लगा दिया था।

इन तरानों को एक कथा सूत्र में बांधने के लिए ऐसी वीरान जगह की कल्पना की गई है जिसे अंग्रेजों ने जेल में बदल दिया था। इस जेल में उन क्रांतिकारियों को बंद कर दिया गया था जो अंग्रेजों के लिए खतरा थे। यह कैदी जेल में अपनी मृत्यु का उत्सव मनाने में तल्लीन थे। वह गाते बजाते अपनी मौत का स्वागत कर रहे थे। अंग्रेजों की यातनाओं से घायल पुरुषोत्तम दादा की प्राणाहुति के बाद इन क्रांतिकारियों का क्रोध चरम सीमा पर पहुंच जाता है और वह जेल तोड़कर फरार हो जाते हैं। नाटक में श्यामलाल गुप्ता पार्षद, नित्यानंद पांडे, सागर निजामी, साहिर लुधियानवी, जयदेव शर्मा कमल, इकबाल, माधव शुक्ला, पीएस वर्मा, कुलवंत सिंह और कुछ अज्ञात रचनाकारों के रचे गीत शामिल किए गए हैं। डॉ. थपलियाल द्वारा संकलित गीतों पर उनके रचे और संगीतबद्ध किये नाटक का निर्देशन रितुन थपलियाल ने किया।

नाटक में सोम गांगुली, संजय शर्मा, आदित्य विश्वकर्मा, ऋषभ पाण्डेय, ओमकार पुष्कर, सत्यम् पाण्डेय, ऋषभ सिंह, अर्पित कुमार, प्रथमेश मिश्रा, उदित नारायण, श्लोक प्रताप बाल्मीकि, अभिनव शुक्ला, अभिनव सिंह, प्रांशु तिवारी, प्रखर द्विवेदी, अचिंत्य शुक्ला और गार्गी द्विवेदी ने सराहनीय अभिनय किया।



संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में शहीदों ने लौ जलाई जो नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### चिमनी-चोगा में दिखाया प्रकृति और औद्योगिक विकास में संतुलन

**अमृत विचार, लखनऊः** नाट्य संस्था रंगनाद ने संस्कृति विभाग के सहयोग से सोमवार को माध्यमिक विद्यालय इंटर कॉलेज प्रेक्षागृह तोपखाना बाजार कैंटोनमेंट लखनऊ में पर्यावरण विषयक नाटक चिमनी-चोगा का मंचन किया। यह नाटक प्रकृति और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए दर्शकों को गहन चिंतन के लिए प्रेरित करता है। राजेश जैन द्वारा लिखित और रोजी मिश्रा द्वारा निर्देशित नाटक चिमनी-चोगा एक अत्यंत सार्थक एवं आकर्षक नाट्य-लेख है। यह प्रकृति और औद्योगिकता के पारस्परिक संबंधों को केंद्र में रखकर रचा गया है। नाटक का मूल प्रश्न है कि विकास की दौड़ में प्रकृति का स्थान क्या है और आज के प्रदूषित वातावरण के लिए जिम्मेदार कौन है? नाटक में मानव जीवन को पंचतत्व-अग्नि, वायु, जल, आकाश और पृथ्वी-से निर्मित माना गया है। यही पंचतत्व नाटक की संरचना का आधार बनते हैं। इन तत्वों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों-वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, भूमि प्रदूषण आदि-को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। चिमनी औद्योगिक विकास और कारखानों की धुआं उगलती प्रवृत्ति का प्रतीक है जबकि चोगा प्रकृति की आच्छादित सहनशील और संरक्षणकारी शक्ति का प्रतीक है। नाटक में प्रकृति और औद्योगिक सभ्यता के बीच संघर्ष को दर्शाया गया है। वैज्ञानिक तथ्यों और पर्यावरणीय चेतना को कथा में समाहित करते हुए यह दिखाया गया है कि अनियंत्रित औद्योगीकरण ने पंचतत्वों के संतुलन को बिगाड़ दिया है।

### अभिभावकों को सीख दे गया नाटक नाटक एक बच्चे की डायरी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ लिटरेरी क्लब ने संस्कृति विभाग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सोमवार को डॉ. करुणा पाण्डेय के उपन्यास एक बच्चे की डायरी का विमोचन किया गया। बाद में यहां ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी के निर्देशन में इसके नाट्य रूपांतरण का मंचन किया गया।नाटक की कहानी एक संवेदनशील बच्चे समीर की है, जो अकेलेपन और दबाव से घबराकर आत्महत्या का प्रयास करता है। समीर के मम्मी-पापा बहुत अच्छी नौकरी में थे। पैसों और आधुनिकता की चकाचौंध में डूबी राज समीर की मां अपने बेटे के बचपन की कोमल भावनाओं को नहीं समझ पाती और उसको आधुनिकता की चकाचौंध और हाई-फाई सोसायटी के अनुसार बनने के लिए दबाव डालती है। समीर को यह सब अच्छा नहीं लगता। एक दोस्त की सलाह पर वह डायरी लिखने लगता है। जब समीर की डायरी उसकी मां को मिलती है तो वह अपनी मित्र रेखा के साथ यह डायरी शेयर करती है। डायरी पढ़कर रेखा को समीर के छिपे रूप में बाल जीवन में झांकने का मौका मिलता है। राज से बात करते हुए उसकी दोस्त यह महसूस करती है कि राज ने अपने बचपन में जो कटुता और अभाव झेले हैं उनकी परछाई भी अपने बेटे पर नहीं पड़ने देना चाहती। इसीलिये वह समीर को बहुत लाड़ -प्यार से भरा संपन्न जीवन देती है। वह भूल जाती है कि पैसा, ओहदा और ऊंची सोसायटी को मासूम बचपन महत्व नहीं देता, उसे तो स्वाभाविक और निश्छल जीवन पसंद आता है। बार-बार वह अपनी अमीर मित्र के बेटे से समीर की तुलना करती है और उसे जानी जैसा बनने के लिए प्रेरित करती है। मां के इस व्यवहार से समीर आहत हो जाता है और उनसे धीरे धीरे दूर होता जाता है। समीर मां को बहुत प्यार करता है पर उनके गुस्से और जिद से डरता है इसलिए वह अकेला रह जाता है और परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाता है। रेखा के समझाने पर राज को अपनी गलती का अहसास होता है और वह वापस एक मां बनकर समीर के साथ व्यवहार करती है। समीर को मनाने के लिए उसके दादा-दादी को बुला लेती है, वह समझ जाती है कि बुजुर्ग घर के लिए क्यों जरुरी हैं।नाटक यह सन्देश देता है कि तीन पीढियां साथ रहती हैं तो बच्चे पर उनके व्यवहार का प्रभाव पड़ता है। बचपन के अच्छे या बुरे अनुभव जीवन का आधार बनते हैं।नाटक में आदित्य शाक्य, लता बाजपेई, अनिल कुमार, अंशिका सक्सेना, प्रियंका भारती, ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी, कंचन शर्मा, निरुपमा, राहुल, आरव, दिया भारती, आयुष शर्मा और राज नंदिनी वर्मा ने सराहनीय अभिनय किया।



नाटक का मंचन करतीं कलाकार।



दीन और हम के पुरस्कृत मेधावियों के साथ मौलाना।

# दीन और हम के मेधावी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रमज़ान के दौरान पुराने लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर होने वाली धार्मिक कक्षाओं दीन और हम की परिक्षा में बेहतर स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित गोल्डेन पैलेस में किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाले अध्यापक मौलाना अली हादी, मौलाना मोहम्मद यासिर, मौलाना मुशाहिद आलम, मौलाना हुसैन जाफ़र और मौलाना अली अब्बास ख़ान भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना एहतिशाम उल हसन, मौलाना अरशद हुसैन मूसवी और मौलाना इजलाल हैदर ने भी शिरकत की।

आबिद बाकरी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थी मोहम्मद अब्बास हैदर, ख़तीबा बानो, बुशरा अब्बास, अतिया ज़ेहरा, मोहम्मद जॉन ने अपने विचार प्रकट किये। दीन और हम के 10वें दौर में 100 फीसदी हाज़िरी दर्ज कराने वाले 40 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद इस्लामी हिजाब की रियायत करने वाले एक-एक विद्यार्थी को कुरे के ज़रिये सारे केंद्रों से और साथ ही बेहतरीन नोटबुक बनाने वाले 17 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रबन्धन समिति के सदस्य हुसैन जाफर ने दीन और हम की रिपोर्ट प्रस्तुत की और साथ ही अहसान नासिर ने बेहतरीन आवाज़ में अशआर पेश किए। पांच केन्द्रों में परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 8 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। परीक्षा में हर केंद्र पर उच्च स्थान प्राप्त करने वाले 5 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। यासा ज़ैनब आबिदी, सय्यद अता हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य केन्द्रों से हेजाना अली रिज़वी, सय्यद सरफ़राज़ हुसैन रिज़वी, ज़हरा हसन, तत्हीर फातिमा रिज़वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम ऐनुल हयात ट्रस्ट और हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, तंज़ील अकादमी, ताहा फाउंडेशन और जमातुज़ ज़हरा तथा दीन और ज़िन्दगी के सहयोग से आयोजित किया गया।

### मां विंध्यवासिनी धाम में सजी भव्य भजन संध्या

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल एवं बाल निकुंज गर्ल्स अकादमी के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर अलीगंज स्थित विंध्याचल मंदिर में सोमवार शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया ।बाल निकुंज गर्ल्स अकादमी के छात्र शिवांश मिश्रा ने कैसियो पर मनमोहक संगत दी, वहीं वंश शर्मा और रोहित ने ढोलक पर शानदार ताल देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।दो भजन मंडलियों के बच्चों आराधना राजपूत, अनन्या सिंह, पंखुड़ी शर्मा, अनुष्का सिंह, साधना कुमारी, आराध्या, अन्वी, खुशी जायसवाल, वैष्णवी कश्यप, इशिका यादव, कृतिका तिवारी, तेजस्वी मिश्रा, जानवी वर्मा, वैष्णवी रावत, अनन्या कश्यप, अनुप्रिया राज,आराध्या रावत, आकृति तिवारी सहित अन्य ने कई भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया संध्या आरती के बाद मंदिर के महंत सूर्यकुमार तिवारी ने दोनों भजन मंडलियों के बच्चों को 1100-1100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और प्रसाद वितरण किया। उधर, नवरात्र पर भारतीय जन सेवा समिति महिला मंडल ने सोमवार को ई-3300 राजाजीपुरम में भजन-कीर्तन किया। महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलन किया और माता रानी के जयकारे लगाए। इस मौके पर पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव उपस्थिति रहीं। समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई ' 'शीलू' ' की पत्नी अर्चना वाजपेयी ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। शीतल तिवारी, कुसुम गुप्ता, मीना चौबे, मीरा बंसल, पिंकी शाक्या, सीमा पांडेय, अनीता शर्मा, गीता दुबे, हेमा झा, ज्योति साहू, मधु चौहान, नीति द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं।

### फगुनाहट कवि सम्मेलन हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** हिन्दुस्तानी अकादमी प्रयागराज एवं साहित्यिक संस्था लोकायतन के संयुक्त तत्वावधान में अलीगंज स्थित कपूर्स होटल में फगुनाहट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ. मालविका हरिओम ने कवियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। डॉ. अम्बरीश अम्बर की अध्यक्षता में संचालन शाहबाज तालिब ने किया। डॉ. मालविका हरिओम, युवा व्यंग्यकार पंकज प्रसून, शाहबाज तालिब, अभिश्रेष्ठ तिवारी, फ़ैज़ खुमार बाराबंकवी ने कविता पाठ किया7 आदर्श श्रीवास्तव, मुकेश मानक, पवन आगरी, डॉ. वंदना शुक्ला, शिखा श्रीवास्तव, योगेंद्र योगी, रविंद्र अजनबी, लोकेश त्रिपाठी, करतल किशोर, सैयद मेराज, निर्भय निश्छल सहित अनेक कवियों ने भी अपनी रचनाओं से समां बांधा। कवि सम्मेलन में एमएलसी पवन सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



उत्तराखंड परिषद की नई कार्यकारिणी।

### नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्मांचल नगर स्थित मोहन सिंह बिष्ट सभागार में सोमवार को उत्तराखंड महापरिषद की 51 सदस्यीय कार्यकारिणी को पुष्पा वैष्णव ने दिलाई ।इसी अवसर पर परिषद की युवा शाखा का गठन भी किया गया। इसमें संयोजक सुरेन्द्र राजेश्वरी, अध्यक्ष नवीन चौधरी, महासचिव विजय बिष्ट, उमेश चंद्र सनवाल (पार्षद), मोहन सिंह बिष्ट, गोकुल उप्रेती, उपाध्यक्ष- लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया, कमल सिंह अधिकारी, संजय बिष्ट, महेन्द्र सिंह नेगी, सचिव पंकज खर्कवाल, प्रचार एवं मीडिया सचिव-संदीप कुमार सिंह, खुशाल सिंह बिष्ट, संगठन सचिव- धन लाल वर्मा, महेन्द्र सिंह अधिकारी, आशीष रतूड़ी, विकास बौठियाल, विजय सिंह रावत, आनंद सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह खाती, प्रशांत सिंह रावत, कैलाश फुलारा एवं जयवीर सिंह बिष्ट, जनसंपर्क सचिव-उदय सिंह रावत, कुंवर प्रताप सिंह पटवाल, लाल सिंह बिष्ट, विनोद सनवाल, प्रदीप जोशी, आयुष पांडे, सौरभ बिष्ट, त्रिभुवन जोशी एवं विनोद जोशी सदस्य बने।



भूमिपूजन में मौजूद डॉ. नीरज बोरा व अन्य।



स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लेते छात्र-छात्राएं और अन्य लोग।

### विधायक ने किया भूमिपूजन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. नीरज बोरा ने सोमवार को विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली निर्माण और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें जानकीपुरम गार्डन में सड़क व नाली निर्माण, लाला लाजपत राय वार्ड के उस्मान एन्क्लेव में आरसीसी नाला व कवर निर्माण, निराला नगर स्थित अशोक सिंघल पार्क का सौंदर्यीकरण तथा फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड में नाली और सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। विधायक ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट्स जैसे अस्पताल निर्माण, कम्युनिटी सेंटर, नौ किलोमीटर लंबे नाले, नए पुल, ग्रीन कॉरिडोर और ओवरब्रिज के साथ-साथ मोहल्लों की सड़कों, ओपन जिम और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर भी लगातार काम हो रहा है।

### स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

अमृत विचार, लखनऊ : गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को कुकरैल नदी के तट पर जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्लॉग रन, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ के साथ जागरूकता कार्यक्रम हुए। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों, पर्यावरण प्रेमियों के साथ स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने श्रमदान के माध्यम से नदी तट की सफाई में सक्रिय योगदान दिया, साथ ही स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।



नवनियुक्त पदाधिकारी।

### सुमित बने सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : शालीमार गैलेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को हुआ। एसोसिएशन के अलग-अलग पदों के लिए 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। इसमें 10 उम्मीदवारों को नई कार्यकारिणी में चुना गया। अध्यक्ष विकास टंडन, सचिव सुमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा चुने गए। अरुण खन्ना, शिव कुमार सिंघानिया, ऋतु गुप्ता, अजय अग्रवाल, रेनू आहूजा, अनिल सचर को सदस्य चुना गया।

## नमन किया

स्क्रीनिंग के बाद फिल्म देश-दुनिया के मौजूदा निजाम पर चर्चा भी हुई

# शहादत दिवस पर दिखाई गई डॉक्युमेंट्री फिल्म इंकलाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आजादी के नायकों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर जगत नारायण रोड स्थित एसबीएम लाइब्रेरी में गौहर रज़ा द्वारा निर्देशित डॉक्युमेंट्री फिल्म इंकलाब दिखाई गई। जन संस्कृति मंच की ओर से आयोजित इस स्क्रीनिंग के दौरान दर्शक भगत सिंह और उनके साथियों की क्रांतिकारी राजनीति, आजाद भारत के लिए उनके समाजवादी स्वप्न और देश के लिए हंसते-हंसते मर-मिटने के संकल्प से रूबरू हुए।

यह भी कैसा संयोग है कि पंजाबी भाषा के क्रांतिकारी कवि पाश की शहादत भी 23 मार्च को हुई। उन्होंने धर्म के आधार पर अलग खालिस्तान का विरोध करते हुए शहादत दी। ऐसे महान कवि को उनकी कविता सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना के पाठ के साथ उन्हें याद किया गया। साथ ही ईरान पर साम्राज्यवादी हमले की निंदा की गई।

स्क्रीनिंग के बाद फिल्म और इस बहाने देश-दुनिया के मौजूदा निजाम पर एक चर्चा भी हुई। जसम उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि भगत सिंह सिर्फ आजादी नहीं बल्कि ऐसा भारत चाहते थे जहां बराबरी हो, जाति-धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न हो, मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण न हो। भगत सिंह ने जिन दो नारों- इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद को जन-जन तक पहुंचाया वे आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं।

जसम लखनऊ के सचिव फरजाना महदी ने कहा कि भगत सिंह की विरासत वामपंथी विरासत है, क्रांतिकारी विरासत है। दक्षिणपंथी उन्हें सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पेश करते हैं, उनके विचारों और उनके सपनों के भारत की बात नहीं करते। जसम के ही सत्य प्रकाश चौधरी ने कहा कि भगत सिंह एक घोषित नास्तिक थे। उनका लेख मैं नास्तिक क्यों हूं आज भी सर्वाधिक पढ़े जाने वाले लेखों में से एक है। राज वर्मा ने कहा कि भगत सिंह के समाजवादी सपने के तहत यह जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं हर व्यक्ति के लिए सुलभ हों। लेकिन अब इनका निजीकरण किया जा रहा है।

### भगत सिंह और लोहिया को छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्रों ने सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस पर और समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया के जन्म दिन पर संगोष्ठी का आयोजन किया और पुष्प अर्पित किए। विश्वविद्यालय इकाई द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं, समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया के जन्मजयंती पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक श्रीवास्तव बाबु, प्रदेश सचिव सछास अक्षय यादव, छात्र नेता विपुल यादव, इकाई महासचिव रजत अग्रहरी, शुभम चन्द्रा, इकाई उपाध्यक्ष शिव पूजन पांडे, रोहित यादव, शिवाजी यादव, आदित्य पांडे, अक्षय प्रधान यादव, विश्वजीत सिंह, अभिषेक मिश्रा, रुद्र वीर यादव, प्रसन्न शुक्ला, अजितेन्द्र आजाद, शीतांश पाण्डेय, नीतेश कुमार, रोहित यादव, अमित यादव, रजत, जतिन यादव, आलोक यादव, सुजीत यादव, सुमित यादव, आर्यन आदि छात्र मौजूद रहे।



सरदार भगत सिंह को पुष्प अर्पित करते लविवि छात्र।

## सिटी ब्रीफ

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई होगी तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने अपनी बैठक कर कहा है कि टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई को और तेज किया जाएगा। बैठक में प्रदेश संयोजक अनिल यादव ने कहा कि यह निर्णय हमारे साथ प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट में दर्जनों पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई हैं। सुनवाई यदि ओपन कोर्ट में हुई तो शिक्षकों की ओर से देश के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पैनल खड़ा किया जाएगा। शिक्षक महासंघ का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि भर्ती प्रक्रिया के नियम बीच में नहीं बदले जा सकते, वहीं दूसरी ओर नए आदेश से पुराने चयन पर असर पड़ने का सवाल खड़ा हो गया है। अब सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी है।

### हरिशंकर बने शिक्षक संघ के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर को बनाया गया है। संगठन की एक बैठक में शिक्षक नेता हरिशंकर राठौर को नई जिम्मेदारी दी गई है। जिस पर उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए सुशील कुमार पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का आभार प्रकेट करता हूं। संगठन शिक्षक हित के कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य जारी रखेगा।



### सीएमएस की छात्रा को मिली लाखों डालर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा वैष्णवी यादव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की क्लार्कसन यूनिवर्सिटी द्वारा 1,64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जार्जिया के पहलवान ने जीती कुश्ती

## टैयडो ने मध्य प्रदेश केसरी गौरव शर्मा को हराकर खिताब किया अपने नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


रेसलिंग गोल्ड कप के उद्घाटन मौके पर मौजूद पहलवानों के साथ मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा संकुल में आयोजित रेसलिंग गोल्ड कप में पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया। जार्जिया के पहलवान टैयडो और मध्य प्रदेश केसरी गौरव शर्मा के बीच मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। जैसे ही दोनों पहलवान मैट पर उतरे, इंडोर हाल में मौजूद दर्शकों में उत्साह का माहौल बन गया।

हाथ मिलाने के बाद मुकाबला शुरू हुआ। पहले राउंड में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मुकाबला बराबरी पर रहा, लेकिन दूसरे राउंड में टैयडो ने शानदार दांव-पेंच दिखाते हुए बढ़त बनाई और अंततः जीत दर्ज की। उनके प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।


अमर शहीदों की पुण्यतिथि पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर फंड से पांच लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह, पूर्व आईएएस एसपी सिंह, प्रो. संजय सिंह, पीके मिश्रा, गोपाल राय, कैप्टन कमल सिंह, शंकरी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और पंजाब के साथ जार्जिया व ईरान के कुल 45 पहलवान भाग ले रहे हैं। आयोजक राजेश कुमार सिंह के अनुसार ईरानी पहलवान 25 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे।

# उलटफेर कर ऋषि और सुनील प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंशुमान, वंश व चिन्मय भी दूसरे दौर में
- स्वरूप अग्रवाल मेमोरियल आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट



**अमृत विचार :** स्वरूप अग्रवाल मेमोरियल आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को कई उलटफेर देखने को मिले। क्वालीफायर से मुख्य ड्रॉ में पहुंचे उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव और हरियाणा के सुनील कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एसडीएस टेनिस अकादमी की ओर से लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित इस एक लाख रुपये प्राइजमनी टूर्नामेंट में कई खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाया।

मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में यूपी के छठीं वरीय अंशुमान सिंह, वंश यादव और चिन्मय देव चौहान ने भी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। ऋषि यादव 6-3, 2-0 से आगे थे, तभी उनके प्रतिद्वंद्वी पांचवीं वरीय महाराष्ट्र के तनिष्क जाधव ने मैच छोड़ दिया। वहीं सुनील कुमार ने सातवीं वरीय प्रशांत को 6-0, 6-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

वंश यादव ने दिल्ली के सौरव कुमार यादव को 7-6(2), 7-6(3) से हराया। चिन्मय देव चौहान ने उत्तराखंड के अर्णव को 6-1, 6-1 से मात दी, जबकि अंशुमान सिंह ने बिहार के वैभव सिंह को 6-1, 6-3 से हराया। अन्य मुकाबलों में हरियाणा के हर्ष मलिक, दिल्ली के मयंक शर्मा, पश्चिम बंगाल के सार्थक गुलाटी, राजस्थान के अमित और केरल के कौशिक ने भी जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

इसी अवसर पर स्वरूप अग्रवाल टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय दीक्षित (आईआरएस) ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट और टैलेंट हंट टूर्नामेंट दो अलग-अलग प्रतियोगिताएं हैं, जिनकी प्राइजमनी क्रमशः एक लाख और डेढ़ लाख रुपये निर्धारित है।

# शिक्षकों की मुसीबत बनी टीईटी की तैयारी और ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार साल बाद होगी टीईटी परीक्षा

UPTET

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 की परीक्षा करीब 4 वर्ष बाद होने जा रही है जिसमें रिकार्ड आवेदन होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी की अनिवार्यता के बाद वह शिक्षक भी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं जिन्होंने टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया है।

इन दिनों अधिकांश शिक्षक एसआईआर और जनगणना की ड्यूटी में लगाए गए हैं, उनके आगे संकट है कि वह पढ़ाई करें या ड्यूटी करें। दूसरी इस परीक्षा से करीब तीन लाख डीएलएड प्रशिक्षुओं को भी शामिल होने की हरी झंडी मिल गई है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने टीईटी परीक्षा को लेकर शुक्रवार को ही नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी भी आवेदन करेंगे जिसके बाद यह संख्या दस लाख से अधिक होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में आयोग द्वारा एक दिन में परीक्षा करा पाना मुश्किल साबित होगा। यदि यह परीक्षा दो दिनों में कराई जाती है तो प्रश्नपत्रों के नार्मेलाईजेशन की समस्या खड़ी हो सकती है जिसे लेकर लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों ने आंदोलन कर दिया था।

# एंडोफाइटिक बैक्टीरिया पौधों की वृद्धि के लिए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएसआईआर-सीमैप की डॉ. आकांक्षा सिंह ने शोध में किया खुलासा
- औषधीय पौधों की वृद्धि बढ़ाने वाले बैक्टीरिया के जीनोम का किया गया विश्लेषण

**अमृत विचार :** औषधीय पौधों की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें पूरी तरह प्राकृतिक रूप से विकसित करने को लेकर सीएसआईआर-सीमैप की शोधार्थी डॉ. आकांक्षा सिंह के नेतृत्व में महत्वपूर्ण शोध किया गया है। इस शोध में एंडोफाइटिक बैक्टीरिया की भूमिका को प्रमुख रूप से सामने लाया गया है, जो पौधों में औषधीय गुणों के विकास और वृद्धि में सहायक होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन बैक्टीरिया को बढ़ाकर पौधों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों को बेहतर किया जा सकता है।

शोध के दौरान औषधीय पौधे एंड्रोग्रैफिस पैनिकुलाटा (कालमेघ) से प्राप्त एंडोफाइटिक बैक्टीरिया माइक्रोकोकस के जीनोम का पहली बार विस्तृत विश्लेषण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि माइक्रोकोकस लूटियस एएसडी6 का जीनोम लगभग 2.36 मेगाबेस का है, जिसमें 73 प्रतिशत जीसी कंटेंट मौजूद है। वैज्ञानिकों ने 2,290 प्रोटीन-कोडिंग जीनों की पहचान की, जिनमें से अधिकांश पौधों की वृद्धि और विकास से जुड़े हैं। इन जीनों में फॉस्फेट घुलनशीलता, नाइट्रोजन स्थिरीकरण और इंडोल-3-एसिटिक एसिड, साइडरोफोर्स तथा एसीसी डिअमिनेज जैसे फाइटोहॉर्मोन के उत्पादन से जुड़े जीन शामिल हैं।

शोध में यह भी पाया गया कि इस बैक्टीरिया में रिएक्टिव ऑक्सीजन प्रजातियों को नियंत्रित करने वाले एंजाइम, हीट शॉक और कोल्ड शॉक प्रोटीन से संबंधित जीन मौजूद हैं, जो इसे विपरीत परिस्थितियों में जीवित रहने में सक्षम बनाते हैं। इससे पौधों को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है।

डॉ. आकांक्षा सिंह के अनुसार, सिक्किम को आर्गेनिक स्टेट घोषित किया गया है, जहां खेती में कीटनाशकों का उपयोग नहीं होता। कीटनाशकों के प्रयोग से लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे पौधों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होता है।

# मंडल में बोर्ड कॉपियों का 47 प्रतिशत मूल्यांकन हुआ पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडल के 23 मूल्यांकन केंद्रों में सोमवार को मूल्यांकित हुई 2,72,6,41 उत्तर पुस्तिकाएं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार को मंडल के विभिन्न जिलों में बनाए गए 23 मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 2,72,6,41 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जेडी माध्यमिक के निर्देशन में प्रतिदिन मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए मंडल स्तर पर विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार को नियुक्त किया गया है। 18 मार्च से प्रारंभ हुए मूल्यांकन कार्य का सोमवार को छठवां दिन था। लखनऊ जिले के कंट्रोल रूम से प्राप्त छठें दिन तक के मूल्यांकन के आंकड़ों के अनुसार मंडल के 6 जिलों में अब तक प्राप्त कुल 23, 03,244 उत्तर पुस्तिकाओं में 10,87,245 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया है। मंडल में अब 12,15,9 99 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि मंडल में मूल्यांकन कार्य पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष व सुचितापूर्वक गतिमान है।

# लखनऊ के सात खिलाड़ियों का कलारीपयट्टू टीम में चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


घोषित की गई उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू की टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू टीम में इस बार राजधानी लखनऊ के सात खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। ये खिलाड़ी 26 से 29 मार्च तक केरल के त्रिवेंद्रम स्थित केंद्रीय स्टेडियम में आयोजित होने वाली 18वीं राष्ट्रीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सोमवार को 21 सदस्यीय टीम की आधिकारिक घोषणा की गई।

टीम के रवाना होने से पहले पारा रोड स्थित आईबीएसए स्पोर्ट्स अकादमी में खिलाड़ियों के सम्मान में समारोह और किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के महासचिव प्रवीन गर्ग, उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों में श्याम जी अग्रवाल, जितेंद्र रस्तोगी, विनीत बिसरिया और वैभव कुमार ने खिलाड़ियों को किट वितरित कर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। महासचिव ने बताया कि टीम में लखनऊ के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

सीनियर वर्ग में समीक्षा सिंह चौहान, सनी कुमार, दीपांशी जायसवाल और खुशी चौरसिया (सभी लखनऊ), अनन्या अग्रवाल (सहारनपुर), दीपक सिंह (मेरठ) और फैजल खान (वाराणसी) शामिल हैं। जूनियर वर्ग में अनित्य दीप (हरदोई), उनमानी, वैभव कुमार, अल्तमाश, अजीम अली, आदित्य, वैभव सैनी (सहारनपुर), लकी सिंह गौतम और निखिल रावत (लखनऊ) को जगह मिली है।

वहीं सब-जूनियर वर्ग में प्रांशी (लखनऊ), प्रथम यादव (लखीमपुर), वाणी पंवार, सना और संयमी (सहारनपुर) का चयन हुआ है। टीम के कोच के रूप में मानसी जायसवाल और बुशरा खान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्रार्थना से होती है परमात्मा की प्राप्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल में आयोजित आध्यात्मिक सभा में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि प्रार्थना से परमात्मा की प्राप्ति होती है। प्रार्थना के 5 सोपान होते हैं, जिनमें ध्यान, निर्णय, निश्चय, आत्मविश्वास एवं क्रियान्वयन प्रमुख हैं। आध्यात्मिक सभा में राबर्ट गांधी, देवेश त्रिवेदी, विनोद द्विवेदी व महेश अग्रवाल समेत विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों ने अपने विचार रखते हुए परमेश्वर की कृपा कैसे प्राप्त हो एवं घमंड व लालच से कैसे बचें विषय पर व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर राबर्ट गांधी ने कहा कि मनुष्य आंखे बंद करके अपना पूरा ध्यान परमेश्वर पर केन्द्रित करे तो उसे परमेश्वर की अनुभूति होगी।



## सिटी डायरी

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते तीन स्वर्ण पदक


विजेता खिलाड़ियों के साथ ताइक्वांडो के ग्रैंड मॉस्टर डा. जिम्मी आर जगत्यानी। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में द ओएएफ स्कूल व कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण और तीन रजत पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में शिवांश रावत, अरनव और अथर्व शामिल रहे, जबकि देव बाजपेई, आदर्श गौतम और अभय ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ताइक्वांडो के जन्मदाता डॉ. जिमी आर जगत्यानी ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मनोज कुमार शर्मा, दीपेश सिंह तोमर और अहमद सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के उद्घाटन पर मौजूद लोग।

### केसीए कानपुर की शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्लेयर ऑफ द मैच अंजलि की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर केसीए कानपुर ने प्रथम राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत के साथ शानदार शुरुआत की। सेज स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में कानपुर ने सीएएल रेड को छह विकेट से हराया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, आयोजन सचिव हर्षवर्धन सिंह और यूपीसीए महिला क्रिकेट विंग की चेयरपर्सन प्रियंका शैली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल रेड की टीम ने 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। टीम की ओर से शरगुन यादव ने 31 रन और ताशु सिंह ने 16 रन की पारी खेली।


लविवि छात्राएं महिला से बातचीत करती हुईं।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वितीय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह से हुआ, जिसमें डॉ. आर.के. सिंह एवं डॉ. अशोक सोनकर ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशि प्रभा जोशी और डॉ. चंद्र शेखर राय के निर्देशन में शिविर प्रारंभ हुआ। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत के साथ ऊर्जा का संचार किया।


प्रमाणपत्र के साथ कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चे।

### प्रमाण पत्र देकर बच्चों को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के बुद्धेश्वर स्थित एनी फाइटर जोन अकादमी में कराटे की कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि योगाचार्य पंडित नवीन व कोच अजीत कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नैमिस राज, विमल सिंह, रिचा सिंह समेत कई बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। पंडित नवीन ने कहा कि कराटे विशेषकर लड़कियों के लिए आत्मरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने में बेहद उपयोगी है।

**अवसर** सैमसंग इनोवेशन कैंपस तकनीक से लैस 400 युवाओं को मिले सर्टिफिकेट

# शिक्षा राष्ट्र विरोधी हरकत करना नहीं सिखाती : शिक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाषा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, कुलपति प्रो. अजय तनेजा व छात्र।

**अमृत विचार:** राष्ट्र विरोधी ताक़तों को उत्तर देने के लिए शिक्षा संस्कार वाली होनी चाहिए। बच्चों को कलम देने बजाय पत्थर फेंकना बताने वाली और पढ़े-लिखे डॉक्टरों को आतंकी बनाने वाली कैसी शिक्षा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगे कहा कि हमें देशहित राष्ट्रभावना वाली शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। शिक्षा राष्ट्र विरोधी हरकत करना नहीं सिखाती है वह हमें तकनीक के साथ चलना सिखाती है। विश्वविद्यालय में एआई, बिग डेटा और आईओटी जैसे आधुनिक कोर्स में छात्रों ने कुशलता प्राप्त की है और उन्हें उद्योगों की आवश्यक्ताओं के अनुरुप तैयार किया गया है। छात्रों को पुरस्कृत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' के तहत प्रशिक्षण पूरा करने वाले 400 से अधिक विद्यार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के जरिए छात्रों को बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे उन्नत क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया है। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि डिजिटल इकोनॉमी में उनके लिए रोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित शुभम मुखर्जी और सरोज आपाटो ने बताया युवाओं के सहयोग से भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करेगा। समारोह में कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शान-ए-फातिमा ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ रुचिता सुजॉय ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह, कुलसचिव महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक विकास के साथ ही विश्वविद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षाविद मौजूद रहे।